देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर 26 फरवरी 2020। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का दीक्षांत समारोह सोमवार, दिनांक 23 मार्च 2020 को अपरान्ह 3:00 बजे विश्वविद्यालय के सभागृह, तक्षाशिला परिसर, खंडवा रोड, इन्दौर में आयोजित किया जायेगा।

इस दीक्षांत समारोह में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर से शैक्षणिक सत्र 2017–18 (अर्थात 01 जुलाई 2017 से 30 जून 2018) एवं सत्र 2018–19 (अर्थात 01 जुलाई 2018 से 30 जून 2019) तक की अवधि में डी–लिट, डी–एससी एवं पी.एच.डी. की उपाधि अर्जित करने वाले शोध स्नातको को उपाधि प्रदान की जायेगी। साथ ही उपर्युक्त शैक्षणिक सत्रों में विश्वविद्यालय की विभिन्न स्नातकोत्तर एवं स्नातक परीक्षाओं में प्रावीण्यता अर्जित करने वाले छात्र/छात्राओं को स्वर्ण/रजत पदकों से अलंकृत किया जायेगा।

उक्त दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर रू. 310/– उपाधि शुल्क जो **कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर** के नाम से देय होगा, डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.dauniv.ac.in पर उपलब्ध है। उपाधि शुल्क जमा करने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 16/03/2020 निर्धारित की गई है तथा विलम्ब शुल्क रू. 100/– के साथ दिनांक 19 मार्च 2020 तक आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। दिनांक 19/03/2020 के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी